**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-1829**

**01 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ**

**स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम**

**1829. श्री नवसकनी के.:**

**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**

**श्री जी. सेल्वम:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में, विशेष रूप से तमिलनाडु में स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) को लागू करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में अब तक एलईडी बल्बों से प्रतिस्थापित की गई कुल स्ट्रीट लाइटों का ब्यौरा क्या है और इसके परिणामस्वरूप अनुमानित कितनी ऊर्जा की बचत हुई है;

(ग) क्या एसएलएनपी के अंतर्गत सभी राज्यों में स्ट्रीट लाइटों को बदलने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक बदला जाएगा;

(ङ) क्या सरकार ने संबंधित प्राधिकारियों से निधियों के उपयोग प्रमाण-पत्र मांगे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या उक्त प्रयोजन के लिए निधि उपयोग के लिए कोई वास्तविक लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्या उपलब्धियां हासिल की गई हैं; और

(छ) क्या सरकार गांवों में स्ट्रीट लाइटिंग के लिए ग्राम पंचायतों को भी निधियां प्रदान करती है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) :** देश भर में पारंपरिक स्ट्रीट लाइट को स्मार्ट तथा ऊर्जा कुशल एलईडी स्ट्रीट लाइट के साथ बदलने के लिए दिनांक 5 जनवरी, 2015 को स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) का शुभारंभ किया गया। यह एक स्वैच्छिक कार्यक्रम है जिसे ईईएसएल के माध्यम से, जो विद्युत मंत्रालय के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम है, स्व-वित्तपोषित मोड में कार्यान्वित किया जा रहा है। आज तक इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए तमिलनाडु की राज्य सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ख) :** दिनांक 30 जून, 2024 तक ईईएसएल ने देश में 1,31,10,745 (**अनुबंध**) एलईडी स्ट्रीट लाइट संस्थापित की हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष लगभग 8,806 मिलियन यूनिट (एमयू) की अनुमानित ऊर्जा बचत हुई है।

**(ग) और (घ) :** स्ट्रीट लाइटिंग नेशनल प्रोग्राम देश में अभी भी प्रचालनरत है।

**(ङ) से (छ) :** विद्युत मंत्रालय ने एसएलएनपी कार्यक्रम के लिए कोई बजट आवंटित नहीं किया है क्योंकि कार्यक्रम ईईएसएल द्वारा स्व-वित्तपोषित मोड में कार्यान्वित किया जाता है।

**<u>लो.स.अतारां.प्र.सं.1829</u>**

**<u>अनुबंध</u>**

| क्र. सं. | राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र | संस्थापित एलईडी स्ट्रीट लाइटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 29,47,706 |
| 2 | तेलंगाना | 17,07,716 |
| 3 | तमिलनाडु | 7,876 |
| 4 | पोर्ट ब्लेयर | 14,995 |
| 5 | महाराष्ट्र | 11,14,328 |
| 6 | केरल | 4,33,979 |
| 7 | कर्नाटक | 13,226 |
| 8 | गोवा | 2,07,183 |
| 9 | लक्षद्वीप | 1,000 |
| 10 | पश्चिम बंगाल | 94,198 |
| 11 | झारखंड | 5,54,091 |
| 12 | बिहार | 5,75,922 |
| 13 | राजस्थान | 10,73,238 |
| 14 | गुजरात | 9,03,519 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 12,90,949 |
| 16 | उत्तराखंड | 1,33,511 |
| 17 | छत्तीसगढ़ | 3,81,199 |
| 18 | ओडिशा | 3,53,808 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2,95,417 |
| 20 | दिल्ली | 3,87,896 |
| 21 | जम्मू और कश्मीर | 1,88,860 |
| 22 | हिमाचल प्रदेश | 63,332 |
| 23 | पंजाब | 1,27,267 |
| 24 | चंडीगढ़ | 46,496 |
| 25 | हरियाणा | 85,139 |
| 26 | सिक्किम | 1,073 |
| 27 | त्रिपुरा | 76,426 |
| 28 | असम | 28,875 |
| 29 | पुडुचेरी | 1,520 |
|  | **कुल** | **1,31,10,745** |

*************